**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 11 फ़रवरी 2025** **समय 1810**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अक्तूबर 2025 से पहले 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा।
- हरियाणा में नगर निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई।
- हरियाणा निर्वाचन आयोग चुनाव में मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग करेगा।
- हरियाणा में आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर राज्य सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा प्रदेशभर में लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- भारतीय वायुसेना में कॉपोरल मंजीत सिंह का अंतिम संस्कार भिवानी जिले में उनके पैतृक गांव  में पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश की गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है। प्रधानमंत्री भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा -

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।भारत अक्तूबर 2025 से पहले पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई ऊर्जा लक्ष्य 2030 की समय सीमा के अनुरूप हैं।

श्री मोदी ने कहा कि अगले दो दशक विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

***********************************************************************

हरियाणा में आज नगर निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई।भिवानी जिले के कस्बा सिवानी में नगर पालिका चुनाव के लिए पहले दिन 30 लोगों ने नामांकन पत्र लिए। निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आज कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। सिवानी नगर पालिका में 16 वार्ड हैं। नगर पालिका बवानीखेड़ा के निर्वाचन अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि बवानीखेड़ा में भी प्रथम दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। उम्मीदवार 17 फरवरी तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

***********************************************************************

हरियाणा निर्वाचन आयोग शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग करेगा। राज्य निर्वाचन चुनाव आयोग ने कांग्रेस के चुनाव बैलट पेपर से करवाने की मांग को अस्वीकार कर दिया है।कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने आज चंडीगढ़ में मीडिया से कहा-

उन्होंने कहा कि आयोग से आरक्षित सीटों के गिनती बढ़ाने की मांग भी की गई थी।अशोक अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में सफाई व्यवस्था और संपाती पहचान पत्र को मुद्दा बनाएगी।

***********************************************************************

हरियाणा में आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राज्य सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विभिन्न ज़िलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक बंसल ने बताया कि केंद्रीय यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा, "साथ मिलकर बेहतर इंटरनेट के लिए" थीम पर शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए

गए ताकि लोगों को साइबर ठगी से बचाया जा सके।पलवल में जागरूकता कार्यक्रम के बाद ज़िला उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया

5. बाइट हरीश कुमार

कैथल में आयोजित कार्यक्रम में ज़िला उपायुक्त प्रीति और पुलिस द्वारा लोगों को सरकारी योजनाओं के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त प्रीति ने कहा

6. बाइट प्रीति

पंचकूला, भिवानी सहित अन्य कई जिलों से भी सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यक्रमों के आयोजन के समाचार मिले हैं।

****************************************************************
**********

भारतीय वायुसेना में कॉरपोरल मंजीत कुमार का अंतिम संस्कार आज भिवानी जिले में उनके पैतृक गांव गांव बागनवाला में पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया।गुजरात के वड़ोदरा वायु सेना स्टेशन पर तैनात कॉरपोरल मंजीत कुमार ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे , उनका पार्थिव शरीर आज सुबह 8 बजे उनके पैतृक गांव बागनवाला में लाया गया। संस्कार से पहले वायु सेना के अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । वायु सेना की एक टुकड़ी ने हवाई फायर कर शहीद को सलामी दी । लोगों ने उन्हें नम आँखों से उसे अंतिम विदाई दी।

****************************************************************
***********

हरियाणा में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के निदेशक डॉ वीरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रदेश में एक से 19 वर्ष और 20 से 24 वर्ष के किशोर किशोरियों को पेट के कीड़े मारने की दवा दी गई। उन्होंने बताया

7. बाइट वीरेंद्र

पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य एवं शिक्षण संस्थानों में बच्चों एवं महिलाओं को एलबेंडाज़ोल की गोली दी जा रही है। उपायुक्त ने कहा

8. बाइट मोनिका गुप्ता

पानीपत, अंबाला छावनी और जींद से भी हमारे संवाददाताओ ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने की खबर दी है।